भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2363
दिनांक 06 अगस्त, 2024 / 15 श्रावण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

सी.ए.पी.एफ. कर्मियों की मृत्यु

†2363. कुमारी प्रियंका सतीश जर्कीहोलीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हृदयाघात और बीमारी के कारण केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कुल कितने कर्मियों की मृत्यु हुई; और

(ख) नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हृदयाघात और बीमारी के क्या कारण हैं ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हृदयाघात और बीमारी के कारण मरने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स (एआर) के कार्मिकों की संख्या निम्नानुसार है:-

सीएपीएफ का नाम	वर्ष					कुल
	2019	2020	2021	2022	2023	
सीआरपीएफ	45	63	73	62	54	**297**
बीएसएफ	22	21	22	21	22	**108**
आईटीबीपी	8	15	17	15	19	**74**
एसएसबी	1	6	3	5	7	**22**
सीआईएसएफ*	8	25	14	15	14	**76**
एआर	0	0	0	0	0	**0**
कुल	**84**	**130**	**129**	**118**	**116**	**577**

*महत्वपूर्ण सरकारी भवनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) आदि को सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात।

(ख): नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हृदयाघात और बीमारी का कोई विशिष्ट असामान्य कारण नहीं देखा गया है।

*****